



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### यूनिफार्म सिविल कोड के वादे पर आगबबूला हुआ विपक्ष

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को बड़ा एलान करते हुए कहा कि यदि भाजपा राज्य की सत्ता में दोबारा आती है तो शपथ ग्रहण के तुरंत बाद वह यूनिफार्म सिविल कोड लाएंगे। इसके बाद विपक्षी दलों ने इस पर मिली–जुली प्रतिक्रिया दी है। एआईएमआईएम कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने यूनिफार्म सिविल कोड को लागू करने की घोषणा पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वादा उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए किया जा रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी और भाजपा युवा मोर्चा ने इस पहल के लिए धामी की सराहना की।

### उत्तरकाशी जिले में भूकंप के झटके किए गए महसूस

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। ये झटके सुबह करीब पांच बजकर तीन मिनट पर महसूस हुए, जिनकी रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.1 मापी गई। झटके महसूस होने के बाद लोग दहशत में आ गए। व्यापारी और ग्रामीण अपने प्रतिष्ठानों और घरों से बाहर निकल आए। उत्तराखंड को भूकंप के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है। यहां अक्सर भूकंप के झटके महसूस होते हैं। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र टिहरी गढ़वाल में ही था, जो 28 किलोमीटर की गहराई में था।

### भाई ने ही डलवाई थी युवक के घर में फर्जी इनकम टैक्स की रेड

**संवाददाता** ऋषिकेश। सगे भाई के घर आयकर विभाग की फर्जी रेड डलवाने वाले को पुलिस ने महिला समेत उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 22 लाख 26 हजार रुपए नकद और सोने चांदी के जेवरात के साथ घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को भी बरामद कर लिया है। शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी डीसी ढौंडियाल और ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपित को फर्जी दस्तावेजों के साथ घटना के बाद बीते रोज ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### एरियल इंडिया ने नए कैंपेन की शुरूआत की

**संवाददाता** देहरादून। एरियल इंडिया ने पिछले 7 सालों के दौरान देश के सभी परिवारों में घरेलू कामकाज के असमान तरीके से विभाजन के बारे में लगातार बातचीत को बढ़ावा दिया है, साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में है मर्दो से हैशटैग शेयरदलोड करने का अनुरोध भी किया है। एरियल ने शेयर द लोड के पांचवें संस्करण का शुभारंभ किया और इस अवसर पर हैशटैग सीईक्वल फिल्म को लांच किया।

# पिकनिक मनाने आई है प्रियंका गांधी, हरीश रावत पर भी तंज

**चुनावी हुंकार**

■ गृहमंत्री अमित शाह धनोल्टी के साथ ही उत्तराखंड के कई हिस्सों में भरी चुनावी हुंकार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव का प्रचार बस कुछ ही घंटों में थम जाएगा। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारकों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह धनोल्टी के साथ ही उत्तराखंड के कई हिस्सों में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने उत्तराखंड के लोगों पर अत्याचार किया है।



चुनाव प्रचार के लिए अब जब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं तो इस दौरान भी स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ सभाएं निर्धारित की गई हैं। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह टिहरी गढ़वाल जिले के धनोल्टी में सभा कर चुनावी हुंकार भरी। इस दौरान उनके साथ अनिल बलूनी भी थे। इसके बाद वे देहारादून जिले की सहसपुर और रायपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचे और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

रायपुर विधानसभा में जनता को संबोधित करते हुए शाह ने प्रियंका गांधी पर निशाना साधा। कहा कि प्रियंका गांधी पिकनिक मनाने आई हैं। 70 साल तक कुछ नहीं किया और अब कह रहे हैं कि चारधाम चार काम। वहीं, काऊ को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें लेकर बहुत अफवाह उड़ी, तब फोन किया और काऊ ने कहा, जीवन मे दूसरी पार्टी का मुहं नहीं देखूंगा। काऊ भाजपा के कर्मठ कार्यकर्त्ता हैं।

**प्रीतम सिंह पंवार के समर्थन में जनसभाः** गृहमंत्री अमित शाह ने धनोल्टी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी प्रीतम सिंह पंवार के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने उत्तराखंड को भाजपा ने बनाया और भाजपा ने उत्तराखंड को संवारा है। इस दौरान वे कांग्रेस पर निशाना साधने से भी नहीं चूके। शाह ने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने यहां के लोगों पर अत्याचार किया।

भाजपा की उपलब्धियां लोगों के सामने रखते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने चारधाम का पुनर्निमाण किया। बदरीनाथ में ढाई सौ करोड़ का का मास्टर प्लान तैयार किया गया है और इस पर कार्य शुरू किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोरोना का देखते हुए वैक्सीन अवश्य लगाएं और कोविड नियमों का पालन करें।

**उत्तराखंड और पंजाब से बेटे भारत मां की सेवा करते हैं:** देहरादून में अमित शाह ने संबोधन में कहा कि जब भी देश की सुरक्षा की बात आती है। किसी भी सीमा पर चले जाओ, उत्तराखंड और पंजाब से बेटे जाकर मां भारत की सेवा करते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यूपी में दूसरी पार्टियों का सूपड़ा साफ होगा और यहां भी कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में लॉकडॉउन के अलावा कोई रास्ता नहीं था। कोई दवाई नहीं बनी हुई थी। मजबूरी में लगाया गया, लेकिन गरीब लोगों को लेकर तमाम तरह की अफवाह थी। कहते थे कि लोग कोरोना से नहीं भूख में मर जाएंगे।

**हरकी पैड़ी पहुंचे अमित शाह** इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार करने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचे। यहां उनका चंद्राचार्य चौक पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जिसके बाद अमित शाह हरकी पैड़ी की तरफ निकल गए। वहां पर गंगा पूजन करने के बाद वह लौट जाएंगे।

### हरीश रावत को लिया आड़े हाथ

अमित शाह ने हरीश रावत पर निशाना साधा कि उन्हें हारने की आदत है। उन्हें जहां से चाहा वहां से टिकट भी नहीं दिया। कब कह रहे हैं कि मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाएंगे। यूनिवर्सिटी में धर्म का क्या काम। हमारी सरकार इगास की छुट्टी रखती है और हरीश रावत ने जुम्मे की छुट्टी घोषित कर दी थी। कांग्रेस आपस में लोगों को लड़ाती है। विकास नहीं कर सकती। विकास भाजपा ने किया और भाजपा ही कर सकती है।

# योगी आदित्यनाथ ने मातृभूमि उत्तराखंड में चुनावी हुंकार भरी

**तंज**

■ कांग्रेस पर कसा तंज, जहां नहीं डूबे वहां भी पार्टी को डूबा रहे दोनों भाई–बहन

**संवाददाता**

टिहरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मातृभूमि उत्तराखंड में चुनावी हुंकार भरी। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिंदू सांप्रदायिक शब्द नहीं, हमारी सांस्कृतिक पहचान है। हम कहीं बाहर जाते हैं तो हमारी पहचान इसी से होती है। चुनावी प्रचार के आखिरी दौर में भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारक कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शनिवार को नई टिहरी पहुंचे। यहां सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने लोगों से एक बार फिर कमल को वोट देने की अपील की। कांग्रेस पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को डूबता जहाज बताया और कहा कि जहां नहीं डूबे वहां भी पार्टी को दोनों भाई बहन डूबा रहे।





**अपराध मुक्त हुआ उत्तरप्रदेश** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा की सरकार इसलिए भी जरूरी है कि अगर यूपी में अपराधियों पर कार्रवाई होती है तो वो भागकर उत्तराखंड की तरफ आएंगे। उन्होंने हंसी भरे लहजे में ये भी कहा कि वैसे तो मैं अपराधियों को छोड़ता नहीं हूं, लेकिन फिर भी अगर वो भागकर उत्तराखंड आते हैं तो सुरक्षा के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। योगी ने कहा कि पहले हर तीसर दिन में दंगा होता था। 2017 से पहले गंभीर असुरक्षा थी, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। पहले बेटियां असुरक्षित थी, व्यापारी पलायन कर रहे थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। हम अपराधियों को छोड़ते नहीं हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया और कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। चुनाव का प्रचार थमने से चंद घंटे पहले भाजपा के दिग्गज स्टार प्रचारक मैदान में पूरी ताकत झोंके हुए हैं।

### कैंट विधानसभा में आप प्रत्याशी रविन्द्र सिंह आनंद ने किया शक्ति प्रदर्शन

**संवाददाता** 'देहरादून।' आम आदमी पार्टी के कैंट विधानसभा प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद सैकड़ों बाइक कार सहित रैली निकाल पूरी विधानसभा में शक्ति प्रदर्शन किया। बाइक एवं कार रैली गांधीग्राम से होते हुए जीएमएस रोड पटेल नगर कांवली रोड बल्लीवाला चौक बल्लूपुर से होते हुए प्रेम नगर वसंत विहार सीमा द्वार आदि सभी जगह से गुजरी।
लोगों में आम आदमी पार्टी के प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। जगह–जगह लोगों ने रविंद्र सिंह आनंद का माला पहनाकर समर्थन किया एवं आम आदमी पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई। इस मौके पर रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि उत्तराखंड की जनता भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों को देख चुकी है दोनों ही पार्टियों ने जनता को ठगने के सिवाय कोई काम नहीं किया है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।